बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

नर्मदापुरम रोड, भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक.....45..... /अकादमी(पात्रता)/2024 भोपाल, दिनांक 17/5/24

:: अधिसूचना ::

समस्त विद्यार्थियों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रचार्यगणों को सूचित किया जाता है कि म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. 249/251/सी.सी./2024/अडतीस भोपाल, दिनांक 08.04.2024 के अनुसार जारी स्नातक/स्नातकोत्तर में प्रवेश समय–सीमा के अनुसार पात्रता प्रमाण–पत्र हेतु निम्नानुसार आवेदन तिथि एवं शुल्क देय होगा :–

सं.क्र.	पात्रता आवेदन तिथियों का विवरण	सामान्य शुल्क
01	शासन द्वारा निर्धारित प्रवेश की अंतिम तिथि तक	300/–

विषेष सूचना :–

01. मध्यप्रदेश राज्य के मूल निवासी आवेदक जिन्होने मध्यप्रदेश राज्य से सी.बी.एस.ई./आई.सी. एस.ई./एम.पी. बोर्ड तथा म.प्र. राज्य ओपन बोर्ड/पोर्टल पर प्रदर्शित मान्य बोर्ड से 12वी परीक्षा उत्तीर्ण की हो, ऐसे विद्यार्थियो के लिए पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही होगी । बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल सहित मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी पात्रता प्रमाण पत्र से छूट रहेगी ।

02. अन्य राज्य से 12वी उत्तीर्ण (10+2) तथा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नियमानुसार विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

03. विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.bubhopl.ac.in के माध्यम से पात्रता प्रमाण पत्र का आवेदन भरते समय 10वी, 12वी, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची तथा मूल निवासी प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा ।

नोट :– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रतानुसार प्रवेश के समय आवेदक के दस्तावेजों के सत्यापन एवं पात्रता परीक्षण का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित, महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा । आवेदन तिथि से 07 दिवस के अन्दर सम्बंधित महाविद्यालय के माध्यम से प्रवेश पात्रता की हार्ड कापी वि.वि. में जमा करना अनिवार्य है । इसके पश्चात आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। छात्रो के द्वारा प्रवेश पात्रता आवेदन की हार्ड कापी वि.वि. में स्वीकार नही की जावेगी। आवंटन का तात्पर्य यह कदापि नही होगा कि आवेदक प्रवेश की पात्रता पूर्ण करता है। वि.वि. का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

क्रमांक.....45..... /अकादमी(पात्रता)/2024 भोपाल, दिनांक 17/5/24

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुडा भवन ,वी विंग ,भोपाल ।
02. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल ।
03. निज सहायक के माध्यम से मा. कुलगुरू/ कुलसचिवजी को सूचनार्थ ।

सहायक कुलसचिव,(अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल